हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 7.5 डिग्री

10 एचएसवीपी का 'ऑपरेशन अतिक्रमण': 70 एकड़...



10 राजकीय महाविद्यालय में हुई खेलकूद में गौरव...



## खबर संक्षेप

### बीज मार्केट में दुकान में आग से सामान जला

गोहाना। शहर में अंबेडकर चौक के निकट बीज मार्केट में दुकान में आग लग गई। आग में लैपटाप, प्रिंटर, मशीनें और दूसरा सामान जल गया। दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया गया है। करण ने बीज मार्केट में श्री श्याम फोटोस्टेट के नाम से दुकान कर रखी है। यहां पर अटल सेवा केंद्र चलाया जाता है। सोमवार शाम को वह दुकान बंद करके घर चला गया। रात लगभग साढ़े आठ बजे पड़ोस के लोगों ने दुकान से धुआं निकलता हुआ देखा और दुकानदार व पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दमकल विभाग की टीम को बुलाया। टीम ने फायरब्रिगेड गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया। आग लगने से दुकान में रखा लैपटाप, सीपीयू, लेमिनेशन की मशीन, आधार मशीन, प्रिंटर व अन्य सामान जल गया।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन ट्रेकडाउन के अंतर्गत क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी की घटना में संलिप्त आरोपित को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गांव बिचपड़ी निवासी अंशुल पुत्र कुलबीर है। 18 नवम्बर 2025 को क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम में नियुक्त मुख्य सिपाही विकास गश्त के दौरान खरखौदा रोड ड्रेन पुल सिसान पर मौजूद थे। तभी उनको गुप्त सूचना मिली कि अंशुल पुत्र कुलबीर के पास अवैध हथियार है जो कुछ देर बाद गांव सिसाना की तरफ से तरफ पैदल आएगा। इसके बाद पुलिस ने नाकाबंदी करके शक की बिनाह पर अंशुल को काबू करके उसकी तलाशी ली। पुलिस को उसकी पैंट की जेब से एक अवैध देशी पिस्तौल मिला।

### गोदाम में रखे कबाड़ में लगी आग

**गोहाना।** गांव सैनीपुरा में कबाड़ी की दुकान के पास गोदाम में रखे गए कबाड़ में आग लग गई। दीपक ने बताया कि उसने गांव में बस स्टैंड के पास दुकान कर रखी है। वह लोगों से पुराना सामान खरीदता है। पास में गोदाम बनाया गया है। गोदाम में रखे सामान में आग लग गई। उसे आशंका है कि किसी ने जानबूझ कर आग लगाई है।

### तांबे की तार चोरी मामले में दूसरा आरोपित काबू

**गन्नौर।** थाना गन्नौर पुलिस ने खेतों से तांबे की तार चोरी करने की वारदात में संलिप्त दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान उदय निवासी महमूदपुर माजरा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 6 सितंबर 2025 को नयाबांस गांव के ग्रामीणों ने शिकायत दी थी कि मियाना गांव की सीमा में स्थित उनके लगभग 15 ट्यूबवेलों के ताले तोड़कर, दीवारों में सुराख कर और कोठों से ट्यूबवेल तक लगी तांबे की डोरियां काटकर चोरी कर ली गई थीं। इसी आधार पर थाना गन्नौर में मामला दर्ज किया गया।

## एक्यूआई 344 पर, लगातार 300 प्लस एक्यूआई लोगों की बना मुसीबत

# प्रदूषण ने घोटा दम : सोनीपत में ग्रैप-3 भी बेअसर, 9 दिन से हवा बेहद खराब

- *इस जहरीली हवा से लोगों को सांस लेने में दिक्कतें हो रही*
- *प्रदूषण के कारण वातावरण में हल्का स्मॉग छाया हुआ है*

**स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह:** बिगड़ते हालात को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएस पूनिया ने नागरिकों को अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि सुबह-शाम मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से करें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लागू ग्रैप-3 की सख्त पाबंदियों के बावजूद, सोनीपत की हवा दमघोंटू बनी हुई है। पिछले नौ दिनों से जिले में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार बेहद खराब श्रेणी में बना हुआ है, जिसने स्वास्थ्य आपातकाल की स्थिति पैदा कर दी है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के 400 पार होने पर ग्रैप-3 लागू किया गया था, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि ग्रैप-2 के नियमों का पालन भी सख्ती से नहीं हो पा रहा है।

सबसे बड़ी चिंता का विषय है कूड़ा जलाना, जिस पर ग्रैप-2 में ही पूर्ण प्रतिबंध लग जाता है। इसके बावजूद, राई औद्योगिक क्षेत्र और राजीव गांधी एजुकेशन सिटी के पास कूड़ा सरेआम जलता हुआ देखा गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के स्पष्ट प्रतिबंधों और ग्रैप-3 की सक्रियता को स्थानीय निवासी और पर्यावरणविद रद्दी की टोकरी में फेंका गया बता रहे हैं। स्थानीय निवासियों जैसे राजेश, सुनील और नीरज ने जोर देकर कहा कि खानापूर्ति की जगह प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को सार्थकता के साथ कठोर कदम उठाने चाहिए, क्योंकि कूड़ा जलाना प्रदूषण का एक मुख्य कारक है। इसके लिए घरों के अंदर एयर-प्यूरीफायर या पौधों का इस्तेमाल बढ़ाएं। सबसे महत्वपूर्ण, उन्होंने सुबह-शाम की सैर फिलहाल टाल देने की सलाह दी है।



**सोनीपत।** सोनीपत के गांव राई स्थित औद्योगिक क्षेत्र के पास कूड़े में लगाई आग से उठता धुआं। फोटो : हरिभूमि



**सोनीपत।** ओपी जिंदल विवि में विरोध प्रदर्शन करते हुए विद्यार्थी।

### नियमों की उड़ी धज्जियां

निर्माण कार्यों पर लगी रोक भी मात्र कागजी आदेश साबित हो रही है। ग्रैप-3 के तहत निर्माण सामग्री को ढकने के आदेश हैं, लेकिन कई स्थानों पर सामग्री अभी भी खुली पड़ी है, जिससे धूल का कण हवा को और जहरीला बना रहा है। ग्रैप-3 जैसे सख्त उपाय लागू होने के बाद भी नियमों की यह खुली अवहेलना प्रशासनिक सख्ती पर गंभीर सवाल खड़े करती है। बढ़ते प्रदूषण के कारण वातावरण में कोहरे के साथ हल्का स्मॉग छाया हुआ है। इस जहरीली हवा से लोगों को सांस लेने में दिक्कतें हो रही हैं और आंखों में जलन की शिकायतें बढ़ गई हैं।

### ओपी जिंदल में छात्रों का हंगामा, प्रदूषण के चलते ऑनलाइन परीक्षा की मांग

प्रदूषण की खराब स्थिति को देखते हुए छात्र ऑनलाइन परीक्षा चाहते हैं, जिसको लेकर सोमवार की रात ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्रों ने कैंपस में रोष जताया। छात्रों का तर्क है कि हवा लगातार जहरीली हो रही है और ऐसे माहौल में छात्रों का लाइब्रेरी, क्लासरूम और परीक्षा हॉल तक आना स्वास्थ्य के लिए खतरा बनता जा रहा है। छात्रों ने प्रदर्शन के वीडियो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिए। जिसे प्रदर्शन की खबर बाहर आ गई छात्रों ने आरोप लगाया कि कई विद्यार्थी प्रदूषण संबंधी समस्याओं, जैसे सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन और सिरदर्द से जूझ रहे हैं। इसके बाद भी ऑफलाइन परीक्षा की तैयारी जारी रखी गई है। छात्रों ने रात देर तक नारेबाजी की और प्रशासनिक ब्लॉक के बाहर जाम जैसी स्थिति बना दी। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्रों से बातचीत की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि एक्यूआई स्तर और मेडिकल सलाह को ध्यान में रखते हुए परीक्षाओं के प्रारूप पर विचार होगा। इसके बाद छात्रों का रुख नरम हुआ है। हालांकि विवि की पीआरओ अंजू मोहन ने कहा कि विवि में कोई हंगामा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो पुराने हो सकते हैं। विवि की ओर से पहले से ही परीक्षाएं ऑनलाइन मोड में लिए जाने की घोषणा की जा चुकी है।



**सोनीपत।** लघु सचिवालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए ठेका बिजली कर्मी।

## बिजली विभाग में कर्मचारियों का छंटनी के विरोध में प्रदर्शन

- छोटू राम चौक से जिला उपायुक्त कार्यालय तक रैली, ठेका प्रथा खत्म कर स्थायी नौकरी देने की मांग उठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

बिजली विभाग में ठेके पर कार्यरत कर्मचारियों को हटाए जाने के विरोध में शनिवार को छोटू राम चौक से जिला उपायुक्त कार्यालय तक जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने ठेका प्रथा का पुतला बनाकर उसे फांसी देकर अनोखे ढंग से विरोध जताया। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि ठेका व्यवस्था कर्मचारियों के शोषण का बड़ा कारण बन चुकी है।संजय बड़वासनिया ने संबोधित करते हुए कहा कि ठेका प्रथा के तहत ठेकेदार मजदूरों से कम वेतन पर अधिक काम करवाकर शोषण कर रहे हैं, जबकि सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन तक नहीं दिया जाता। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग की मिलीभगत से यह शोषण लगातार बढ़ रहा है और सरकार के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। उन्होंने मांग की कि ठेका प्रथा को तुरंत बंद कर युवाओं को स्थायी रोजगार की गारंटी दी जाए।रदर्शनकारियों ने ठेका प्रथा का पुतला बनाकर उसे फांसी देकर अनोखे ढंग से विरोध जताया। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि ठेका व्यवस्था कर्मचारियों के शोषण का बड़ा कारण बन चुकी है।

प्रदर्शन के दौरान डीपीओ और जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंचने पर अधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर रमेश, राजेश, कुलदीप, संदीप, राजवीर, सतीश, योगेश, प्रदीप और संदीप सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## पराली से भरी ट्राली में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

शहजादपुर गांव में पराली से भरी ट्राली में लगी आग लग गई। अचानक लगी आग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। ट्राली दिल्ली पशु डेयरियों के लिए चारा लेकर जा रही थी। गन्नौर के गुमड़ निवासी चालक सचिन ने बताया कि वह खेतों से बेलर बनवाकर पराली लादकर शहजादपुर होते हुए दिल्ली जा रहा था। जैसे ही ट्राली गांव सरकारी स्कूल के पास पहुंची, तभी ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन पराली से टकरा गई। टकराते ही निकली चिंगारी ने पराली में आग लगा दी और देखते ही देखते ट्राली धधक उठी। गनीमत यह रही कि आग लगते ही चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रैक्टर को ट्राली से तुरंत अलग कर लिया, जिससे ट्रैक्टर जलने से बच गया और बड़ी जनहानि नहीं हुई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में करीब चार एकड़ पराली जलकर राख हो गई।



गन्नौर। आग लगने से धूं धूं कर जल रही ट्राली में लोड पराली।

## दस दिन में मांगें पूरी करने का मिला आश्वासन

- नगर निगम कार्यालय में ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच के बैनर तले चल रहा है धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नगर निगम कार्यालय में ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच के सदस्यों का धरना 48 दिन से जारी है। संविदा कर्मी मुकेश टांक व मुकेश कर्मा छह दिन से बेमियादी अनशन कर रहे हैं। मंगलवार को एचसीएस अनिल दून ने संविदा कर्मियों को बुलाकर 10 दिन में मांगें पूरी कराने का आश्वासन दिया। स्वच्छता के नोडल अधिकारी अनिल दून ने सफाई कर्मियों की मांग पर सहमति जताते हुए कहा कि पे रोल के काम को 10 दिन के अंदर पूरा कर दिया जाएगा। वर्ष 2019 से 2021 तक का एरियर है उसकी भी जांच कराई जाएगी। साथ ही 7 तारीख से पहले सभी सफाई कर्मचारियों का वेतन उनके खातों में आएगा। सफाई कर्मियों की ओर से बोगस हाजिरी का आरोप लगाया जा रहा है, उस मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया गया। साथ ही नोडल अधिकारी ने सफाई कर्मियों को निगम आयुक्त से बात करके उनकी बैठक कराने का आश्वासन दिया। कर्मियों ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो पाती, उनका आंदोलन जारी रहेगा। धरने का संचालन सहसचिव युधिष्ठिर ने किया। धरने पर बलि सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसविंदर पहलवान, सावन कुमार, मुकेश कर्मा, रविंद्र, अमित, विजय तोमर, अनिल, प्रवीण, विजय, रितेश, संजीव, रवि, रणबीर आदि रहे।



**सोनीपत।** नगर निगम में विरोध प्रदर्शन करते हुए ठेका सफाई कर्मचारी।

## बच्चे से जबरन लिया सोने का बिस्कुट, एक काबू

- अदालत में पेश कर लिया रिमांड पर, दूसरा आरोपित नाबालिग, अभी गिरफ्त से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

डीएवी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे से जबरन सोने का बिस्कुट वसूली के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर 27 सोनीपत की पुलिस टीम ने सचिन निवासी वेस्ट राम नगर, सोनीपत को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जानकारी अनुसार जीवन विहार निवासी राममेहर ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत में बताया था कि उनका 15 वर्षीय बेटा सेक्टर-15 के निजी स्कूल में पढ़ता है ओर हॉकी खेलता है। उसी के साथ पढ़ने वाले रामनगर के एक छात्र ने पहले भावनात्मक कारण बताकर उनके बेटे से 500 रुपये तक लिए। इसके बाद उसने अपने पड़ोसी से उसको मिलवाया। हमउम्र साथियों ने पहले दोस्ती बनाई फिर उसे चोरी के लिए उकसने लगे। उस पर दबाव बनाया गया कि वह घर से सोना, चांदी या नकदी लाकर दे। बेटे ने विरोध किया तो उसे पिस्तौल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। मानसिक प्रताड़ना और जान से मारे जाने के भय के कारण उनका पुत्र परेशान हो गया। भयभीत होकर उसने 100 ग्राम वजन का गोल्ड बिस्कुट निकाला और क्रिकेट स्टेडियम के पास दोनों लड़कों को सौंप दिया।



**सोनीपत।** गिरफ्तार आरोपित के साथ पुलिस टीम। फोटो : हरिभूमि

### आरोपित को लिया रिमांड पर

इस शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना सेक्टर 27 पुलिस ने एक आरोपित सचिन निवासी वेस्ट राम नगर, सोनीपत को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सचिन को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

## सड़क हादसों में मृतकों के परिजनों को अरविंद शर्मा ने बंधाया ढांढस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने दो बड़े सडक़ हादसों में जान गंवाने वाले गांव बरोदा के पांच युवाओं के आकस्मिक निधन पर उनके घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात करके ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि इस हादसे से परिवार और गांव के साथ-साथ इलाके को बड़ा नुकसान हुआ है। उतरप्रदेश के शामली में भीषण सडक़ हादसे में कई दिन पहले गांव बरोदा के चार युवाओं साहिल पुत्र सुनील, आशीष पुत्र मेहरचंद, परमजीत पुत्र आनंद व विवेक पुत्र बलराज की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। मंगलवार को मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने मृतक युवाओं के निवास स्थान पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि यह हादसा परिवार के साथ-साथ यह इलाके के लिए अपूरणीय क्षति है।



गोहाना। मृतकों के परिजनों व ग्रामीणों से बातचीत करते हुए मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

## शहर के मुख्य बाजार में जाम ने बढ़ाई आम लोगों की मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

रेलवे रोड मुख्य बाजार में जाम ने आम लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ई-रिक्शा चालकों की मनमानी, रेहड़ी-फड़ी वालों की अव्यवस्थित दुकानें और अवैध पार्किंग ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है। हालात इतने खराब हैं कि व्यस्त समय में वाहन रेंग-रेंगकर चलने को मजबूर हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि भीड़ बढ़ने पर एंबुलेंस को भी रास्ता नहीं मिल पाता, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। लोगों का आरोप है कि नगरपालिका कार्रवाई तो करती है, लेकिन कुछ ही दिनों बाद अतिक्रमण दोबारा शुरू हो जाता है। इससे बाजार की चौड़ाई आधी रह जाती है और सड़क पूरी तरह अवरुद्ध हो जाती है। दुकानें और ठेले सड़क पर फैल जाने से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। लोग रोजाना इस जाम से जूझ रहे हैं लेकिन स्थायी समाधान नहीं मिल पा रहा। व्यापार मंडल गन्नौर के पदाधिकारियों ने कहा कि बाजार में अनियंत्रित ई-रिक्शा और अवैध पार्किंग जाम का मुख्य कारण हैं।



गन्नौर। गन्नौर शहर के रेलवे रोड़ पर जाम के चलते लगी वाहनों की कतारें।

**आंदोलन की तैयारी** | पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा ने सरकार पर लगाया अनदेखी का आरोप

## यूनिफाइड पेंशन योजना स्वीकार नहीं, 25 को जंतर-मंतर पर जुटेंगे कर्मचारी

ओल्ड पेंशन स्कीम बहाली की मांग तेज, प्रदेशभर से कर्मचारी दिल्ली में करेंगे विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम और पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा के आह्वान पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम के विरोध में 25 नवम्बर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर हरियाणा के हजारों कर्मचारी और अधिकारी एकजुट होंगे। आईटी सैल प्रभारी और प्रदेश मुख्य सलाहकार डॉ. प्रमोद ईष्टकान ने राजकीय कन्या महाविद्यालय मुरथल में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ओल्ड पेंशन कर्मचारियों का अधिकार है। उन्होंने सवाल उठाया कि एक दिन के विधायक-सांसद को पेंशन मिल सकती है, तो 30-40 वर्ष सेवा करने वाले कर्मचारी को क्यों नहीं। डॉ. ईष्टकान ने कहा कि यूपीएस में कई खामियां हैं, जिनमें पूर्ण पेंशन गारंटी का अभाव, अंशदान वापसी न होना, सरकार की परिभाषित जिम्मेदारी न होना, बाजार आधारित पेंशन, जीपीएफ सुविधा का अभाव, पेंशन पात्रता 25 वर्ष होना, डीए समायोजन न होना और फैमिली पेंशन में कटौती शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस्तीफा देने पर भी कोई लाभ नहीं मिलता, इसलिए यह योजना कर्मचारियों के हित में नहीं है।



**सोनीपत।** राजकीय महाविद्यालय में कर्मचारियों को प्रदर्शन के लिये एकजुट करते हुए डॉ. प्रमोद ईष्टकान एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### बैठक में ये रहे मौजूद

जिला महासचिव प्रोफेसर अजय दहिया ने बताया कि सोनीपत जिले के सभी विभागों के कर्मचारी दिल्ली पहुंचेंगे। जिला टीम प्रत्येक ब्लॉक में संपर्क अभियान चलाएगी। कार्यक्रम में प्रोफेसर रोहित कुमार, संदीप दहिया, संदीप कुमार, मनोज दहिया, संगीता तुशीर, मीनू दहिया, गीता कुमारी, विनोद खत्री और जसबीर सांगवान ने भी ओपीएस बहाली की मांग उठाई।



# पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने निकले रणवीर, माधवन ने बनाई रणनीति

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'धुरंधर' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें रणवीर के अलावा अक्षय खन्ना, आर माधवन, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल जैसे धुरंधर भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआती दृश्य में अर्जुन रामपाल नजर आते हैं। संवाद सुनाई देते हैं, '1971 की जंग के बाद पाकिस्तान में बड़ा उदास सा माहौल था। ट्रेलर में फिर एंट्री होती है रणवीर सिंह और आर.माधवन की, जो पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने की रणनीति बनाते हैं। वहां से आतंकवाद का खात्मा करने की बात करते हैं। रणवीर मिशन पर निकले हैं। माधवन उनसे कहते हैं, 'सर, मुंह तोड़ने के लिए मुट्ठी बंद करना जरूरी है। वह भारत के खिलाफ अगर नींद में भी सोचे तो उसके ख्वाब में भी हम भारत में बैठे नजर आने चाहिए'।

## लाइफ Style

# सारा

## देइवा थिरुमगल ने दिलाई पहचान



2005 में जन्मी सारा अर्जुन एक्टर राज अर्जुन की बेटी हैं और चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम की शुरुआत कर चुकी हैं। वह सिर्फ 1 साल की थीं जब वह अपने माता-पिता के साथ एक मॉल गई थीं। एक ऐड फिल्म मेकर की नजर पड़ी और उन्हें उनका पहला कमर्शियल मिल गया। उन्हें 2011 की तमिल फिल्म देइवा थिरुमगल ने खूब पहचान दिलाई।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सारा अर्जुन विक्रम की बेटी का किरदार निभाया था। इन सालों में वह एक थी डायन, सैवम और सांड की आंख में नजर आईं। रणवीर सिंह की मच अवेटेड फिल्म धुरंधर का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डायरेक्टर आदित्य धर की इस फिल्म ने फाइनली अपनी एक दमदार झलक पेश की और सोशल मीडिया पर सेंसेशन क्रिएट की। सोशल मीडिया पर फिल्म के एक्शन, डायलॉग से लेकर लुक्स तक की चर्चा हो रही है। इस बीच रणवीर सिंह और सारा अर्जुन की जोड़ी की भी बातें हैं। सारा जो कि 20 साल की हैं पहली बार बतौर लीड एक्ट्रेस पर्दे पर आ रही हैं और वो भी सीधे रणवीर सिंह के साथ। रणवीर बड़े स्टार होने के साथ साथ उम्र में भी सारा से बड़े हैं। रणवीर से फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सारा और अपने एज डिफ्रेंस और उनके साथ काम करने के एक्सपीरियंस को लेकर बात की। ट्रेलर लॉन्च पर रणवीर ने सारा अर्जुन की तारीफ करते हुए कहा, मैं बहुत लकी हूं कि तुम्हारी इस स्पेशल मोमेंट का हिस्सा हूं, सारा अपने काम में बहुत माहिर हैं। आपको धीरे-धीरे पता चल जाएगा। कभी डकोटा फैनिंग हॉलीवुड में आईं। आज सारा इस बात को साबित करती हैं कि इस पोजीशन तक पहुंचने के लिए आपको कई हजार कैंडिडेट्स को पीछे छोड़ना पड़ता है।

## हॉलीवुड मसाला



# टॉम क्रूज ने जीता अपना पहला ऑस्कर

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को 'गवर्नर्स अवाड्र्स'में अपना पहला ऑस्कर मिला। 16 नवंबर को हॉलीवुड के रे डॉल्बी बॉलरूम में कोरियोग्राफर और एक्टर डेबी एलन और प्रोडक्शन डिजाइनर व्यान थॉमस को भी इस स्टार-स्टडेड समारोह में सम्मानित किया गया। एक्टर को मिशन इम्पॉसिबल सीरीज और टॉप गन फ्रेंचाइजी जैसी बड़ी फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। एक्टर को वो अवॉर्ड फिल्म निर्माता एलेजांद्रो जी. इनारिटु ने दिया अवॉर्ड लेते वक्त 63 वर्ष के एक्टर टॉम क्रूज ने उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने फिल्मों को संभव बनाया। एक्टर ने अपने भाषण में कहा, 'सिनेमा मुझे दुनिया भर में ले जाता है।




# अकादमी अवॉड्र्स के लिए जा रही 'ह्यूमन्स इन द लूप'

**लॉस एंजिल्स।** 'ह्यूमन्स इन द लूप' झारखंड की रहनेवाली एक आदिवासी महिला नेहमा की कहानी है। उसके ढुकू विवाह और एआई के युग में उसकी परेशानियों को लेकर है। अरण्य सहाय के डायरेक्शन में बनी फीचर फिल्म 'ह्यूमन्स इन द लूप' को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है। इसे फिल्म इंडिपेंडेंट स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट से सम्मानित किया गया है, क्योंकि यह फिल्म अकादमी अवॉड्र्स के लिए जा रही है। फिल्म इंडिपेंडेंट और अल्फ्रेड पी. स्लोन फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट, उन फिल्मों को मिलता है, जो विज्ञान या टेक्नोलॉजी के विषयों या किरदारों से जुड़ी होती हैं। अमेरिका में सिनेमाघरों में रिलीज होने और दूसरे अन्य मानदंडों को पूरा करने के बाद, यह फिल्म आधिकारिक तौर पर 98वें ऑस्कर अवॉर्ड के लिए जा रही है, जहां यह बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले कैटेगरी में टक्कर देगी।



# बड़े मियां छोटे मियां ने फ्लॉन्ट किए सिक्स-पैक एब्स

**मुंबई।** बॉलीवुड की सुपरफिट जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। दोनों मुंबई के जुहू बीच पर शर्टलेस नजर आए। दोनों समंदर में जमकर मस्ती करते दिखे और अपनी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट की। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। अक्षय कुमार ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इस वीडिया में अक्षय के साथ एक्टर टाइगर श्रॉफ भी शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अक्षय और टाइगर के अलावा कई लोग समंदर में वॉक करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय ने मजेदार कैप्शन लिखा 'ओशन्स 9 जुहू बीच एडिशन'। इस वीडियो में दोनों की परफेक्ट सिक्स-पैक एब्स देखकर फैंस हैरान रह गए हैं। 58 साल की उम्र में अक्षय कुमार की शानदार फिटनेस देखकर फैंस खुद को कमेंट्स करने से रोक नहीं पाए।



# एनबीके 111 से सामने आया नयनतारा का शाही लुक

**मुंबई।** साउथ लेडी सुपरस्टार नयनतारा अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की आगामी ऐतिहासिक फिल्म 'एनबीके 111' में नजर आएंगी। फिल्म से नयनतारा का खास लुक शेयर किया गया, जिसमें वह शाही लुक में नजर आईं। कैप्शन में लिखा, 'वह रानी जो महासागरों की शांति और तूफानों के प्रकोप को वहन करती है।' एनबीके 111 का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी कर रहे हैं। यह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। एनबीके111 के अलावा नयनतारा निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी पारिवारिक मनोरंजक फिल्म 'मन शंकर वर प्रसाद गरु' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ मेगास्टार चिरंजीवी नजर आएंगी। इन फिल्मों के अलावा नयनतारा साउथ स्टार यश के साथ फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी।

## टीवी मसाला

# विशाल 25 साल की कोशिश के बाद पहुंचे कौन बनेगा करोड़पति में

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17' को अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। बीते एक एपिसोड में जहां 'फैमिली मैन 3' की कास्ट मनोज बाजपेयी, जयदीप अहलावत और शरीब हाश्मी आए थे। वहीं, अब 'इंडियन आइडल' के जज विशाल ददलानी भी बतौर गेस्ट शो में पहुंचे हैं और वहां से फोटो खींचकर इंस्टाग्राम पर शेयर कर जानकारी दी है।



बताया कि उनका 25 साल पुराना सपना सच हो गया। विशाल ददलानी अब अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले 'कौन बनेगा करोड़पति 17' की हॉट सीट पर बैठेंगे। विशाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि केबीसी में आना उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। गायक ने उस समय के बारे में याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने शो में आने के लिए मैसेज भेजे थे। विशाल ने लिखा, 'यह 25 साल पुराना सपना सच हो गया। मैं हमेशा से कौन बनेगा करोड़पति में आना चाहता था। सिंगर ने केबीसी में पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मैं मैसेज भेजता था, टीवी पर फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट गेम खेलता था और पूरी कोशिश करता था। और, फाइनली मैं पहुंच ही गया।' विशाल ने सोनी टीवी को उन्हें हॉट सीट पर भेजने के लिए थैंक यू कहा। साथ ही अमिताभ बच्चन को भी शुक्रिया बोला। जैसे ही विशाल और अमिताभ बच्चन की फोटो सोशल मीडिया पर सामने आई, लोगों के रिएक्शन भी आने शुरू हो गए। फराह खान ने लिखा, 'उम्मीद करती हूं कि तुमने कुछ पैसे भी जीते होगे।' इस पर विशाल ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'मुझे लगता है कि ये पैसे ऐसे उद्देश्य के लिए हैं, जिसे आप एक्सेप्ट करेंगी फरहा।' वहीं, बाकियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी। कहा कि दो दिग्गज को एक साथ देखना दिलचस्प होगा।

## अनुपमा में आएगा लीप? एक्ट्रेस बनेगी तोषू-पाखी की मां

नई दिल्ली। टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो मेकर्स ने जारी कर दिया है। अनुपमा को उसके डांस ने मुंबई में कामयाबी दिलाई और उसकी कुकिंग ने विदेश में सक्सेस दिलवाई, लेकिन अब बारी आई है



उसके एक और टैलेंट को दुनिया के सामने आने की। टीआरपी टॉपर सीरियल ने फिर एक बार रफ्तार पकड़ी है और अनुपमा अपनी पोतियों को लेकर मुंबई आ चुकी है। लेकिन, नया प्रोमो वीडियो हिंट दे रहा है कि अनुपमा अब एक्ट्रेस बनने की तरफ बढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि अनुपमा फिल्म सिटी में शूटिंग देखने जाएगी और यहां पर एक डायरेक्टर उससे कहेगा, 'अब से यही आपकी नई दुनिया है अनुपमा जी।' माना जा रहा है कि अनुपमा को उसका डांस कामयाबी दिलाएगा और एक्टिंग के मामले में भी वो झंडे गाढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो के बैकग्राउंड में अनुपमा कहती है, 'यह मुंबई नगरी है। सपनों की नगरी, मेरे सपने पूरे करने का वक्त आ गया है।' प्रोमो के बैकग्राउंड में बताया गया है- फिल्मी दुनिया में अनुपमा का क्या काम? कमेंट सेक्शन में लोगों ने कयास लगाए हैं कि कहानी में आगे उन्हें कौन से ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिल सकते हैं।

# 25 थिएटर में रिलीज और कमाई 3858 करोड़

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म देखने का अपना अलग मजा है। हॉरर फिल्में सस्पेंस और डर से भरी होती हैं। कुछ हॉरर फिल्में तो ऐसी हैं, जिन्हें अकेले देखने में पसीने छूट जाते हैं। अगर गलती से कोई हॉरर फिल्म रात में देख ली तो वॉशरूम जाना भारी पड़ जाता है और डर के मारे नींद नहीं आती, वो अलग। अब हॉरर फिल्मों में कॉमेडी मसाला एड किया जा रहा है, जिससे फिल्म के हॉरर सीन पर कम और कॉमेडी पर ज्यादा ध्यान जा रहा है। लेकिन, पहले की हॉरर फिल्में सिर्फ और सिर्फ डरावनी हुआ करती थीं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उस हॉरर फिल्म के बारे में, जिसे आप गलती से भी अकेले में मत देख लेना. क्योंकि यह गूगल पर यह सबसे डरावनी फिल्म है।

### इस फिल्म को देखने के बाद महीनों तक कांपी लोगों की रूह




### दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म

*बॉलीवुड में बीते साल स्त्री 2 और मुंज्या जैसी हॉरर कॉमेडी फिल्मों ने एंटरटेन किया था, लेकिन जिस फिल्म के बारे में हम बता रहे हैं वो आज से 51 साल पहले रिलीज हुई थी। इस फिल्म को आज भी दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म कहा जाता है। गूगल पर सबसे डरावनी फिल्म सर्च करने पर इस फिल्म का ही नाम आता है। इस फिल्म को एक तरह से शापित भी माना गया है। साल 1973 में रिलीज हुई मोस्ट हॉरर फिल्म का नाम 'द एक्सॉर्सिस्ट' है, जो कई देशों में बैन हुई थी। यह हॉरर फिल्म विलियम पीटर के उपन्यास पर बेस्ड है। कहा जाता है कि इस फिल्म को देखने के बाद कई लोगों को सदमा तक लगा गया था। ऐसे में यह फिल्म आयरलैंड, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में बैन हो गई थी।*

### कहानी में है एक मासूम बच्ची

हॉरर फिल्म 'द एक्सॉर्सिस्ट' की कहानी बेहद खौफनाक है। फिल्म की कहानी में एक मासूम बच्ची है, जिस पर एक बुरी आत्मा कब्जा कर लेती है। इस बच्ची की मां एक एक्ट्रेस हैं, जो अपनी बेटी की अजीबो-गरीब हरकतों से परेशान हो जाती है। एक्ट्रेस मां अपनी बच्ची को पादरी को दिखाती है और बच्ची पर चढ़े भूत का असर खत्म करवाती है। इस फिल्म का एक-एक सीन रुह कंपा देने वाला है।

# अर्पिता ने शेयर कीं सलीम-सलमा की वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड तस्वीरें

**मुंबई।** सलमान खान के माता-पिता सलीम खान और सलमा खान (सुशीला चरक) की शादी को 61 साल हो गए हैं। बीती रात परिवार में भव्य अंदाज में दोनों की शादी की सालगिरह मनाई गई। इसी दिन घर की छोटी बेटी अर्पिता खान और आयुष शर्मा की भी वेडिंग एनिवर्सरी होती है। फंक्शन में दोनों जोड़े ने अपनी लाइफ का यह खूबसूरत लम्हा सेलिब्रेट किया, जिसमें पूरा खान परिवार शामिल रहा। अर्पिता खान की शादी एक्टर आयुष शर्मा के साथ हुई है। दोनों साल 2014 में शादी के बंधन में बंधे। कल सलीम और सलमा खान की वेडिंग एनिवर्सरी के साथ-साथ अर्पिता और आयुष की एनिवर्सरी भी सेलिब्रेट की गई।



### तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स

फंक्शन में दो केक काटे गए। एक सलीम खान और सलमा ने काटा और दूसरा केक अर्पिता खान व आयुष शर्मा ने काटा। अर्पिता खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड फोटोज शेयर की हैं। तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स- सलमान खान, सोहेल खान, अरबाज खान नजर आ रहे हैं। इसके अलावा सलमान की बहन अलवीरा का परिवार देखा जा सकता है। कुछ करीबी दोस्त और इंडस्ट्री के लोग भी जश्न में शामिल रहे। सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ पहुंचीं। फंक्शन में अर्पिता और सोहेल के साथ उन्होंने क्वालिटी टाइम बिताया। सलीम खान और सुशीला चरक की शादी 18 नवंबर 1964 को हुई। वहीं, आयुष शर्मा और अर्पिता खान शर्मा ने 18 नवंबर 2014 को शादी रचाई।

## अच्छे अभिनय और मेहनत से मिलती है कामयाबी

# पहली ही फिल्म से इंडस्ट्री पर छाईं ये अभिनेत्रियां; आज भी दर्शक हैं दीवाने

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो डेब्यू फिल्म से ही इंडस्ट्री पर छा गईं। इनमें से कई ऐसी एक्ट्रेसेस भी हैं जो फिल्मी दुनिया के बैकग्राउंड से नहीं आती हैं हालांकि उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई है। इन लोगों ने साबित किया कि अच्छे अभिनय और मेहनत से कामयाबी मिलती है।



### दीपिका

दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' (2007) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनके भाव और अभिनय ने लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। फिल्म में वह ग्लैमरस और मासूम दिखीं। इस फिल्म के बाद से उन्होंने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दीं।

### भूमिका

भूमिका चावला उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं जो रातों-रात स्टार बन गईं। वह साल 2003 में फिल्म 'तेरे नाम' में सलमान खान के साथ नजर आई थीं। फिल्म में उनके अभिनय और भाव ने दर्शकों को मदहोश कर दिया। पहली फिल्म से उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी कि वह एक अनुभवी अभिनेत्री के तौर पर जानी जाने लगीं।





### प्रीति

1998 में रिलीज हुई फिल्म 'दिल से' से प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उनके अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म की कहानी के हिसाब से उन्होंने जो अभिनय किया वह अपने आप में मिसाल है। इस फिल्म के बाद प्रीति जिंटा, शाहरुख खान के साथ 'वीर जारा' और 'कल हो ना हो' में नजर आईं।



### अनुष्का

शाहरुख खान की फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' (2008) से अनुष्का शर्मा ने बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उन्होंने अपने अभिनय से लोगों को अपना कायल बना लिया। वह किसी भी फिल्मी परिवार से नहीं आती हैं लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने अपने अभिनय के बल अपनी जगह बनाई।

### ग्रेसी

आमिर खान की चर्चित फिल्म 'लगान' (2001) से ग्रेसी सिंह ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उन्होंने बहुत ही सधी हुई अदाकारी की। इसमें उनके पारंपरिक लुक और उनकी मुस्कान की दर्शकों ने खूब तारीफ की। उन्होंने साबित किया कि अच्छी अदाकारी करने वाले



## खबर संक्षेप

### खो-खो के लिए ट्रायल 21 नवंबर को

**सोनीपत।** सोनीपत एमेच्योर खो खो संघ की प्रधान सुनीता खत्री ने बताया कि जिला सोनीपत एमेच्योर खो खो संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय जूनियर व सब जूनियर लड़कियों व लड़कों की खो-खो ट्रायल दिनांक 21 नवंबर शुक्रवार को सुबह 9:00 बजे गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल बीसवांमिल, राई में खो-खो खेल मैदान पर आयोजित होने जा रही है जिसमे जिले के ही खिलाड़ी भाग लेंगे।

### किसान सम्मान निधि योजना के तहत कार्यक्रम आज

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 19 नवंबर को प्रातः 11:00 बजे पंचायत भवन स्थित जिला परिषद हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। बताया कि कार्यक्रम में विधायक कृष्ण गहलावत, विधायक निखिल मदान, गन्नौर से विधायक देवेंद्र कादियान, विधायक पवन खरखौदा, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक व प्रदीप सांगवान भी उपस्थित रहेंगे।

### मनोहर लाल के नेत्रदान से दो जीवन होंगे रोशन

**सोनीपत।** हिन्दू मंच तथा सैक्टर 14 के पूर्व मन्त्री रहे स्वर्गीय मनोहर लाल चुघ के मरणोपरान्त परिवार ने उनके नेत्रदान करवाए हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली की नेत्रविशेषज्ञ टीम ने यह प्रक्रिया पूरी की। नेत्रदान दिवंगत की धर्मपत्नी सत्या चुघ, सुपुत्र विजय चुघ, प्रवीण चावला, पुत्रवधु पुष्पा चुघ, सुमन चुघ और योगिता चुघ की सहमति से किया।

### बटुकेश्वर दत्त को 115वीं जयंती पर किया नमन

गोहाना। मंगलवार को शहर के पुराना बस अड्डा स्थित सत नगर में बटुकेश्वर दत्त की 115वीं जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने बटुकेश्वर दत्त के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मार्गदर्शन मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी का रहा। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा कि बटुकेश्वर दत्त एक महान क्रांतिकारी थे। दत्त ने 8 अप्रैल 1929 को भगत सिंह के साथ मिलकर केंद्रीय विधानसभा में बम फेंका था ताकि ब्रिटिश सरकार को उसकी दमनकारी नीतियों के खिलाफ सख्त संदेश मिल सके।

### टैक्सी चालक से लूटपाट के आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** गांव पिनाना के पास टैक्सी चालक के साथ लूटपाट के मामले में सोनीपत पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जिला सोनीपत के रहने वाले है, हालांकि पुलिस अभी इनकी शिनाख्त परेड करवाएगी। जानकारी के अनुसार गांव जौली निवासी मोनू ने मोहाना थाना मुकदमा दर्ज कराया है कि वह अपनी स्विफ्ट डिजायर कार को उबर कंपनी में लगाकर टैक्सी में चलाते हैं। वह शनिवार दोपहर को घर पर मौजूद थे।

### हेरोइन सहित युवक और सप्लायर गिरफ्तार

**सोनीपत।** पुलिस की क्राइम यूनिट कुंडली टीम ने मादक पदार्थ हेरोइन की तस्करी करने की घटना मे संलिप्त दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आकाश निवासी महलाना जिला सोनीपत व अजय निवासी रिठाल जिला रोहतक हाल शास्त्री, कॉलोनी सोनीपत के रहने वाले है। आरोप है कि आकाश के पास से हेरोईन मिली थी, वहीं अजय ने यह हेरोइन सप्लाई की थी। पुलिस के अनुसार 17 नवम्बर को क्राइम यूनिट कुण्डली की पुलिस टीम में नियुक्त सहायक उप निरिक्षक सुरेश अपनी पुलिस टीम के साथ रोहट नहर पुल के पास गश्त थे।

### स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों ने हस्सा लिया। विद्यार्थियों ने अपने-अपने ढंग से रोचक कहानियां प्रस्तुत कीं। बच्चों ने नैतिक कहानियां, लोक कथाएं और स्वनिर्मित कहानियां सुनाई।

*नगर निगम ने जमीन हस्तांतरण प्रक्रिया प्रारंभ की*

# पुरानी तहसील की भूमि पर बनेगा 33 केवी सब स्टेशन

*पुरानी मंडी क्षेत्र की सालों पुरानी बिजली समस्या का अब होगा समाधान*

**कॉलोनीवासियों को स्थायी बिजली समाधान मिलने की उम्मीद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** अधिकारियों के साथ जमीन का निरीक्षण करते मेयर राजीव जैन। फोटो :हरिभूमि

लाइन पार क्षेत्र, विशेषकर पुरानी मंडी कॉलोनी में लंबे समय से चली आ रही बिजली समस्या के समाधान की दिशा में नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। पुरानी तहसील की जमीन पर 33 केवी का नया सब स्टेशन बनाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। जमीन बिजली निगम को मिलने के बाद सब स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। नए 33 केवी सब स्टेशन के बन जाने से मंडी और आसपास के कॉलोनीवासियों को स्थायी बिजली समाधान मिलने की उम्मीद है। इससे लोड वितरण सुधरेगा, वोल्टेज में सुधार आएगा और गर्मी के मौसम में अनावश्यक कटौती काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह सब स्टेशन बन जाता है तो वर्षों पुरानी समस्या से क्षेत्र को राहत मिल जाएगी। इस काम के लिए नगर निगम मेयर राजीव जैन, जिला राजस्व अधिकारी सुशील शर्मा के साथ मौके पर पहुंचे और जमीन का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने पुरानी तहसील स्थित 2000 गज क्षेत्रफल की जमीन को बिजली विभाग को देने के लिए एरिया नाप करवाकर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। जिला राजस्व अधिकारी ने प्रस्ताव तैयार कर जिला उपायुक्त को भेज दिया है। मौके पर पार्षद अतुल जैन, पटवारी पवन कुमार सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

**11 नए सब स्टेशन के लिए मांगी थी जमीन**

बिजली विभाग ने शहर में बिजली व्यवस्था मजबूत करने के लिए कुल 11 स्थानों पर नए सब स्टेशन स्थापित करने के लिए नगर निगम से जमीन मांगी थी। नगर निगम ने प्रस्ताव पास करके इन स्थानों की पहचान कर दी थी। अब जैसे ही बिजली वितरण निगम द्वारा पुरानी तहसील की जमीन के प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी, जमीन का हस्तांतरण कर दिया जाएगा।

**सब स्टेशन ओवरलोड**

मेयर राजीव जैन ने बताया कि मंडी क्षेत्र के लोग कई वर्षों से बिजली कटौती, कम वोल्टेज और गर्मियों में घंटों बिजली गायब रहने की समस्या से जूझ रहे हैं। कहा कि वर्तमान में सूरज स्टील स्थित सब स्टेशन ओवरलोड हो चुका है, जिसके कारण लाइन पार क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा कर पाना संभव नहीं हो रहा। ऐसे में नए सब स्टेशन का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि फाजिलपुर पावर हाउस से सूरज स्टील तक आने वाली हाईटेंशन लाइन को वर्ष 2018 में ही अंडरग्राउंड कर दिया गया था, लेकिन उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने और लोड अधिक होने की वजह से अतिरिक्त सब स्टेशन की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी।

# भक्ति से पापाचार-भ्रष्टाचार का अंत संभव : साध्वी रितु भारती

*गोपीनाथ मंदिर में शिव कथा का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** कथा के दौरान साध्वी रितु भारती, अनुपमा भारती, वर्षा भारती।

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान से आई साध्वी रितु भारती ने श्री गोपीनाथ मंदिर में आयोजित शिव कथा के दौरान कहा कि प्रभु की भक्ति मनुष्य को पापाचार और भ्रष्टाचार से ऊपर उठने की शक्ति देती है। उन्होंने बताया कि माता पार्वती का जन्म यह संदेश देता है कि समाज को बेटियों को सम्मान और उच्च स्थान देना चाहिए। साध्वी ने कहा कि समाज में ऐसी धारणाएँ फैलाई जाती हैं कि नारी कोनसी भी परिस्थिति में सम्मान योग्य नहीं, जबकि यह विचार अधूरी समझ पर आधारित हैं। उन्होंने तुलसीदास के संदर्भ को स्पष्ट करते हुए कहा कि उक्त पंक्ति चरित्रहीन व्यवहार वाली स्त्रियों के संदर्भ में कही गई है, न कि संपूर्ण नारी जाति के लिए। उन्होंने बढ़ती कन्या भ्रूण हत्या पर चिंता जताते हुए बताया कि कई परिवार बेटी की सुरक्षा को लेकर डरते हैं, लेकिन यह सोच बदलने की आवश्यकता है। साध्वी ने कहा कि बेटे और बेटी दोनों को समान रूप से संस्कार देने पर ही समाज को नई दिशा मिल सकती है।

**आध्यात्मिकता से जुड़ने का आह्वान**

साध्वी रितु भारती ने कहा कि जब तक व्यक्ति स्वयं आध्यात्मिकता से नहीं जुड़ता, तब तक शिक्षा और संस्कार अधूरे रहते हैं। जैसे वृक्ष की जड़ को सींचने पर ही वह हरा-भरा रहता है, वैसे ही मनुष्यों को आध्यात्मिकता से शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि पूर्ण गुरु की शरण में जाने पर व्यक्ति अपने भीतर का तृतीय नेत्र जागृत कर सकता है और विकारों से मुक्त हो सकता है। कथा में भजनों का गायन साध्वी अनुपमा भारती और साध्वी वर्षा भारती ने किया।


**सोनीपत।** प्रतियोगिता के दौरान खेलते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

# प्री-प्राइमरी के बच्चों ने दौड़ में दिखाया दम

**सोनीपत।** सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को (प्री-प्राइमरी) कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए रेस प्रतियोगिताओं का उत्साहपूर्ण आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों में खेल भावना का विकास, शारीरिक सक्रियता को बढ़ावा देना तथा आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों द्वारा बच्चों को रेस के नियम समझाने और एक छोटे वार्म-अप सत्र से की गई। इसके बाद बच्चों ने बलून रेस, 50 मीटर रेस, बोरी रेस, लेमन-एंड-स्पून रेस जैसी रोचक प्रतियोगिताओं में बड़ी उत्सुकता से भाग लिया। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।


**गन्नौर।** टेनिस बाल क्रिकेट लीग के ट्रायल में बालिंग करते खिलाड़ी।

**ट्रॉयल में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा**

**गन्नौर।** ड्रीम लीग आफ इंडिया टेनिस बाल क्रिकेट लीग का ट्रायल जीटी रोड स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल के क्रिकेट मैदान में हुआ। ट्रायल में जूनियर और सीनियर वर्ग में 500 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 13 से 18 वर्ष जूनियर और 18 वर्ष से ऊपर सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन करते ड्रीम लीग आफ इंडिया की छह टीमों में जगह बनाई। पूर्व क्रिकेटर व ड्रीम लीग आफ इंडिया के संस्थापक चेतन्य नंदा ने कहा की ड्रीम लीग आफ इंडिया की स्थापना योग्य खिलाड़ियों को निष्पक्ष मंच देने के उद्देश्य से की गई है। संस्थापक ऋषभ भाटिया ने कहा ट्रायल में खेल के प्रति खिलाड़ियों को जुनून दिखने को मिला। यह लीग देश की सबसे बड़ी टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता है, जिसमें जूनियर और सीनियर के छह दल शामिल हैं। लीग कमिश्नर सोनू सूद, सलीम मर्चेंट और दर्शन कुमार जैसी हस्तियों भी इस लीग से जुड़ी हैं। बताया कि ट्रायल पूरे होने के तुरंत बाद टेनिस बाल क्रिकेट लीग आयोजित होगी।

# गोहाना : ओपीएस ने जीती अंतर स्कूल साइंस सेमीनार की ट्राफी

*विजेता नंदिनी और तेजस को सम्मानित किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


विजेता को पुरस्कृत करते एमडी निर्मल, प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा व अन्य शिक्षक।

अंतर विद्यालय साइंस सेमीनार में गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल (ओपीएस) की टीम विजेता घोषित की। मंगलवार को विजेता टीम के विद्यार्थी नंदिनी और तेजस को स्कूल की एमडी निर्मल लाठर और प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। संयोजन उप प्राचार्या रेखा बजाज का रहा। 17 नवंबर को सोनीपत स्थित ब्राइट स्कॉलर स्कूल में अंतर विद्यालय साइंस सेमिनार आयोजित किया गया। सेमीनार में जिले के 21 विद्यालयों ने भाग लिया। साइंस सेमीनार में ओपीएस के मेधावी विद्यार्थी नंदिनी और तेजस की टीम विजेता रही। उधर सोनीपत स्थित अस्तित्व बाल विकास केंद्र द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य विषय पर जिला स्तरीय पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें विद्यालय की छात्रा ख़ुशी ने तीसरा स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन शिक्षक पूनम हुड्डा, ऋतु, अभिषेक व अमित ने किया।


छात्रा को आशीर्वाद देते कुलपति प्रो. सुदेश, कुलसचिव प्रो. शिवालिक व शिक्षकगण।

**जानवी का उत्तर भारतीय प्री रिपब्लिक डे परेड के लिए चयन**

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि के इंस्टीट्यूट आफ हायर लर्निंग की छात्रा जानवी का उत्तर भारतीय प्री रिपब्लिक डे परेड 2026 कैंप के लिए चयन हुआ। संस्थान की प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी ने बताया कि जानवी एनएसएस इकाई दो की छात्रा है। इन्हें प्री रिपब्लिक डे कैंप में जाने के लिए इंस्टीट्यूट लेवल, यूनिवर्सिटी लेवल एवं स्टेट लेवल को पार किया। चौथी स्टेज पर जाकर उत्तर भारतीय प्री आरडी कैंप में पहुंची है। मंगलवार को महिला विश्वविद्यालय पहुंचने पर जानवी को कुलपति प्रो. सुदेश एवं कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने शुभकामनाएं दी और रिपब्लिक डे परेड में पहुंचने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने कहा कि किसी भी छात्रा का इस तरह से किसी बड़े आयोजन के लिए चयन होना निश्चित गर्व की बात है। भारत भर से छात्राएं इस कैंप में आती है। भगत फूल सिंह महिला उच्च अधिगम संस्थान की 20 स्वयंसेविकाएं एवं प्रो. सुषमा जोशी रिपब्लिक डे परेड में भाग ले चुकी हैं।

### शाहपुर से खानपुर तक सड़क निर्माण शुरु, 180 दिन में पूरा होगा काम

**गन्नौर।** गन्नौर-शाहपुर से खानपुर तक प्रस्तावित 16.15 किलोमीटर लंबी सड़क पर निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह सड़क नाबार्ड योजना स्कीम के तहत बनाई जा रही है, जिस पर 666.34 लाख रुपये खर्च होंगे। निर्माण को 180 दिन में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। यह सड़क सैय्याखेड़ा, कैलाना, ढुमेटा और कासंडी गांवों को जोड़ते खानपुर तक पहुंचेगी। सड़क निर्माण की शुरुआत मोई माजरी से हो चुकी है। पहले सड़क गन्नौर तक और उसके बाद खानपुर तक तैयार की जाएगी। मंगलवार को विधायक देवेंद्र ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और चल रहे कार्य की गुणवत्ता की जांच की। विधायक ने कहा, यह सड़क ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए बेहद जरूरी थी।

# सोनीपत बना गैस चैंबर, सांस लेना भारी प्रशासन के पास कोई प्लान नहीं : गौतम

*शहर का एक्यूआई लगातार बेहद खराब श्रेणी में: देवेन्द्र*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



आप नेता देवेन्द्र गौतम ने सोनीपत की भयावह होती हवा को लेकर सरकार और प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते कहा कि शहर का एक्यूआई लगातार बेहद खराब की श्रेणी में है। लेकिन न सरकार जाग रही है, न प्रशासन, और न ही विपक्ष के नेता। किसी ने भी जनता के स्वास्थ्य पर हो रहे इस हमले को गंभीरता से नहीं लिया। सोनीपत को महानगर का नाम तो दे दिया लेकिन यही महानगर गैस का चैम्बर बन चुका है इसकी तरफ किसी की नजर नहीं है। देवेंद्र गौतम ने कहा कि आज सोनीपत में हालत यह है कि सांस लेना भी लोगों के लिए खतरा बन गया है। धूल, धुआँ, कूड़ा, सीवर का गंदा पानी, सड़को पर उड़ती धूल, अनियंत्रित कंस्ट्रक्शन और प्रशासन की लापरवाही ने शहर को गैस चैंबर में बदल दिया है। गौतम ने कहा कि सरकार के लिए लोगों की जान की कीमत जानवरों से भी कम हो गई है। रोजाना कितनी ही मौत इस प्रदूषण के कारण हो रही है जिनका कोई आंकड़ा किसी के पास नहीं है।

**कार्यक्रम** | नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत उपायुक्त लघु सचिवालय में कार्यक्रम

*नशे के खिलाफ अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई शपथ*

# आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार कर बेहतर सेवाएं प्रदान करें अधिकारी: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


**सोनीपत।** नशे के खिलाफ शपथ लेते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

उपायुक्त सुशील सारवान ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज का सबसे बड़ा शत्रु है, जो युवा शक्ति को खोखला कर देता है और परिवार व समाज दोनों पर गहरा दुष्प्रभाव छोड़ता है। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उपायुक्त के नेतृत्व में सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेंगे, नशे से होने वाले नुकसान के प्रति समाज को जागरूक करेंगे तथा नशे के खिलाफ चल रहे अभियान में हर स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस दौरान उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि कार्यालय में आने वाले आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करते बेहतर सेवाएं प्रदान करें। उन्होंने कहा कि सरकारी दफ्तर जनता की सुविधा एवं समस्या-निवारण का केंद्र हैं, इसलिए प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी का कर्तव्य है कि वे विनम्रता, धैर्य और जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। दौरान डीसीपी कुशल सिंह, एसडीएम सुभाष चंद्र, नगराधीश डॉ अनमोल, डीडीपीओ मनीष मलिक, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन, तहसीलदार कीर्ति सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

**बारहवां पुरस्कार (लंच बॉक्स-150 नग) (101 से 150)**

❖ अजय पुत्र श्री शिव शंकर निवासी ओल्ड बस स्टैंड, भिवानी ❖ सुनीता देवी धर्मपत्नी श्री प्रदीप कुमार, मयूर विहार, गली नं. 6, सोनीपत ❖ अमित सुपुत्र श्री जयभगवान जुलाना, जीन्द ❖ साहिल सुपुत्र श्री राजबीर जुलाना जीन्द ❖ साहिल पाराशर सुपुत्र श्री आनन्द कुमार, गांव व डा. दुल्हेड़ा, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ खुशबू पुत्री श्री सोमबीर सिंह निवासी गांव तिगराणा, जिला भिवानी ❖ जयनारायण पुत्र श्री परसराम सुमार निवासी गांव बीरण, जिला भिवानी ❖ रणधीर सिंह पुत्र श्री खेमचन्द, निवासी गांव रोहद, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सचिन कुमार पुत्र श्री सुरेश कुमार निवासी वार्ड नं.15, गांव तिगड़ाना, जिला भिवानी ❖ दीपक पुत्र श्री विश्वनाथ निवासी मकान नं. 106, महम रोड़, नई बस्ती, भिवानी ❖ निधि मोशिम सुपुत्री श्री विजय पाल मौशिम रसूलपुर आजाद बिजनौर, सोनीपत ❖ उर्मिला देव धर्मपत्नी श्री राम स्वरूप, चावला कॉलोनी, सोनीपत ❖ सीमा धर्मपत्नी श्री आनन्द कुमार, गांव व डा. दुल्हेड़ा, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ कुलदीप सिंह सुपुत्र श्री बन्शी राम, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ विभव सुपुत्र श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ बिशन चन्द्र सुपुत्र स्व. श्री हजारी लाल, बहलवान छत्ते के पास, नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शंकर लाल भारद्वाज पुत्र श्री रामकुमार निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ श्री महाबीर सिंह सुपुत्र स्व. श्री रतन सिंह, वीपीओ बैयांपुर, सोनीपत ❖ सुभाष धर्मपत्नी श्री राकेश कुमार, 250/10D, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सोनीपत ❖ निशा सुपुत्री आनंद कुमार, म. नं. 530/4, नजदीक बाल विकास स्कूल, जमालपुरा, सोनीपत ❖ प्रवीण कुमार सुपुत्र श्री छोटे लाल, गांव बोचड़िया, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ झम्मन लाल सुपुत्र श्री गणपत सिंह, धनौन्दा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ श्रवण कुमार सिंघल पुत्र श्री देवकी नंदन, निवासी मकान नं.392 वार्ड नं.16, नवादा गली, जैन मंदिर, बहादुरगढ़ ❖ आजाद सिंह अहलावत पुत्र श्री कर्ण सिंह, मकान नं. 842, सेक्टर 2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ जीवेन्द्र पुत्र श्री गजानन्द निवासी गांव सुडना जिला महेन्द्रगढ़ ❖ ज्योति पत्नी श्री श्रीपाल, निवासी गांव कानौंदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ पूजा पुत्री श्री मामन सिंह निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ चोकू पुत्री श्री ओमप्रकाश निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ राजेश पुत्र श्री दयानन्द निवासी मकान नं.862/6, जौहरी नगर लाइन पार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री ज्ञानीराम, गांव भराण पाना जिंदराण, महम, रोहतक ❖ सुनील यादव सुपुत्र श्री बलजीत सिंह, बेरी, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री हवा सिंह सुपुत्र श्री फूल सिंह, गांव बैंसी, तह. महम, जिला रोहतक ❖ तमन्ना पुत्री श्री मनोज कुमार निवासी गांव व डाकखाना तिगड़ाना, जिला भिवानी ❖ उदित पुत्र श्री बलजीत निवासी मकान नं. 302, बिजली बोर्ड कालोनी, भिवानी ❖ श्रीमति संतोषी पत्नी श्री जोगेंद्र, म. नं. 251, वार्ड 12, महम, रोहतक ❖ निरंजन देव पुत्र श्री पं. देवी दत्त निवासी मकान नं. 19/150, नई बस्ती, गली नं. 1, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ रोहित पुत्र श्री जसवंत निवासी गांव मुकन्दपुर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ पलक पुत्री श्री मोहित निवासी गांव डाबड़ा जिला हिसार ❖ गुणपाल सिंह पुत्र श्री ठाकुर सिंह निवासी वार्ड नं. 20, गवार फैक्टरी, भिवानी ❖ चरण सिंह भक्त पुत्र श्री धर्मबीर निवासी श्री जोतराम धाम, गांव बादल, जिला चरखी दादरी ❖ जगदीश वर्मा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण निवासी 527, कोंट रोड, गली नं. 10, शांति नगर, भिवानी ❖ श्री नमन सुपुत्र श्री कृष्ण लाल, 167/25, गांधी नगर, रोहतक ❖ ज्योति रानी पत्नी श्री जय गोपाल निवासी नया भारत नगर, गोकुल एन्कलेव, भिवानी ❖ वीना रानी पत्नी श्री मनमोहन निवासी दादरी गेट, कोंट रोड, शांति नगर, भिवानी ❖ श्री रणबीर सिंह सुपुत्र श्री अमीलाल, 1344/1, लाल बहादुर शास्त्री नगर, रोहतक ❖ श्रीमति साक्षी पत्नी श्री मनमोहन, गांव व डा. अजायब, तह. महम, रोहतक ❖ करतार सिंह पुत्र श्री निहाल सिंह निवासी गांव प्रेम नगर, जिला भिवानी ❖ सुनीता पत्नी श्री पवन निवासी डावर कालोनी, भिवानी ❖ श्री जयबीर सिंह सुपुत्र रामधारी, सूर्य नगर, गली नं. 4, रोहतक ❖ श्री चंद्र राम सुपुत्र श्री सुलतान सिंह, टैगोर कॉलोनी, माजरा।

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

खबर संक्षेप

## एससी कर्मचारियों की तर्ज पर मिले आरक्षण

**गोहाना।** रोडवेज कर्मचारी महासंघ हरियाणा वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र सेन ने कहा कि ओबीसी वर्ग रोडवेज कर्मचारियों को एससी वर्ग कर्मचारियों की तर्ज पर अधिकार नहीं दिए गए हैं। ऐसे में ओबीसी कर्मचारी खुद को ठगा हुआ महसूस रहे हैं और उनमें रोष व्याप्त है। वे मंगलवार को शहर में नए बस अड्डे पर ओबीसी कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। जितेंद्र सेन ने कहा कि रोडवेज विभाग में जब भी कर्मचारियों की भर्ती होती है एससी और जनरल कैटेगरी के कर्मचारियों की तो पदोन्नति हो जाती है लेकिन ओबीसी वर्ग के कर्मचारी आरक्षण के अभाव में पदोन्नत नहीं हो पाते हैं।

## विज्ञान प्रतियोगिता में दी उत्कृष्ट प्रस्तुति

**गोहाना।** विज्ञान प्रतियोगिता में गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों को मंगलवार को स्कूल के चेयरमैन राजेश कुमार ने पुरस्कृत किया। प्राचार्या ने बताया कि ब्राइट स्कॉलर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोनीपत में अंतर विद्यालय विज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस ग्रुप में अर्नव और सिंध ने एआई फॉर हेल्थकेयर-रिवोल्यूशनाइनिंग डिजीज डिटेक्शन ड्रग डिस्कवरी विषय पर अपनी प्रस्तुति देकर तृतीय स्थान पाया। ग्रुप बी में कक्षा 11वीं में 11 टीमों ने भाग लिया। इसमें कक्षा 11वीं के छात्र राघव और दीपांशु ने बायो-फोर्टिफाइड क्रॉप्सः ए साइंटिफिक आंसर टू ग्लोबल मेल्न्यूट्रिशन विषय पर अपनी प्रस्तुति से तीसरा स्थान हासिल किया।

### सेक्टर-5, 6, 9 में ध्वस्त किए अवैध निर्माण, सेक्टर में रैम्प के खिलाफ खोला मोर्चा

# एचएसवीपी का 'ऑपरेशन अतिक्रमण': 70 एकड़ अवैध खेती पर चला ट्रैक्टर, कब्जाधारकों में हड़कंप

दीवारें और रैंप हटाए जाने के बाद रास्ते पहले से कहीं अधिक खुले और सुगम हो गए





**सोनीपत।** खड़ी फसल में ट्रैक्टर चलाते हुए व मौके पर मौजूद पुलिस कर्मी साथ में अधिकारीगण व जेसीबी के साथ कार्रवाई करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को अवैध कब्जों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी और प्रभावी कार्रवाई को अंजाम दिया, जिससे शहर के चार सेक्टरों सेक्टर-15, सेक्टर-5, सेक्टर-6 और सेक्टर-9 में हड़कंप मच गया। सुबह से शुरू हुआ यह 'ऑपरेशन अतिक्रमण' दोपहर बाद तक जारी रहा, जिसके दौरान न सिर्फ सड़क किनारे के स्थायी अतिक्रमण हटाए गए, बल्कि प्राधिकरण की करीब 70 एकड़ भूमि पर उगाई गई अवैध फसल को भी नष्ट कर दिया गया। कार्रवाई की शुरुआत सेक्टर-15 से हुई, जो व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों का केंद्र है। यहां लंबे समय से दुकानदारों और मकान मालिकों द्वारा सड़क के दायरे में अवैध रैंप और लोहे की रेलिंग बनाकर कब्जा किया गया था। ये निर्माण न केवल प्राधिकरण की भूमि सीमा का उल्लंघन कर रहे थे, बल्कि पैदल चलने वालों और वाहनों के आवागमन में भी गंभीर बाधा बन रहे थे। एचएसवीपी की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में तत्काल इन निर्माणों पर बुलडोजर चलवाया। अधिकारियों का कहना था कि इन अवैध कब्जों के कारण सेक्टर की आंतरिक सड़कें संकरी हो गई थीं। दीवारें और रैंप हटाए जाने के बाद अब इस क्षेत्र के रास्ते पहले से कहीं अधिक खुले और सुगम हो गए हैं, जिससे यातायात प्रबंधन में सुधार आएगा।

> एचएसवीपी की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में तत्काल इन निर्माणों पर बुलडोजर चलवाया

### सेक्टर-5, 6 और 9 : 70 एकड़ जमीन मुक्त कराई गई

एचएसवीपी की कार्रवाई का सबसे बड़ा चरण सेक्टर-5, 6 और 9 में देखने को मिला। ये तीनों सेक्टर उन विवादित भूखंडों का हिस्सा हैं जो आवासीय और महत्वपूर्ण विकास योजनाओं के लिए आरक्षित हैं। इन सेक्टरों में प्राधिकरण की लगभग 70 एकड़ भूमि पर बड़े पैमाने पर गेहूं और सरसों की फसल उगाई जा रही थी, जो पूरी तरह से अवैध खेती की श्रेणी में आती है। सख्त रवैया अपनाते हुए, एचएसवीपी की टीम ने ट्रैक्टरों की मदद से पूरी 70 एकड़ भूमि पर उगाई गई फसल को नष्ट करवा दिया। अधिकारियों ने बताया कि यह जमीन जनता के लिए भविष्य की आवासीय और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए है। बार-बार नोटिस और चेतावनी के बावजूद कब्जाधारियों द्वारा जमीन खाली न करने पर, नियमानुसार सख्ती की गई। जमीन को पूरी तरह से खाली कराने के लिए खेत में अवैध रूप से लगाए गए एक ट्यूबवेल और एक कमरे को भी बुलडोजर की सहायता से ध्वस्त कर दिया गया।

### शांतिपूर्ण रहा अभियान, पुलिस बल की रही निर्णायक भूमिका

अधिकारियों के अनुसार, इस तरह के बड़े अतिक्रमण विरोधी अभियानों के दौरान अक्सर स्थानीय स्तर पर भारी विरोध की स्थिति पैदा हो जाती है। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति या कानून-व्यवस्था की समस्या से बचने के लिए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। पुलिस की मजबूत उपस्थिति के कारण मंगलवार का यह पूरा अभियान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया, जिससे एचएसवीपी टीम बिना किसी रुकावट के अपनी कार्रवाई पूरी कर सकी।

### आगे भी जारी रहेगा अभियान

एचएसवीपी की जमीन पर किए गए कब्जों को हटवाने के लिए सभी को पहले नोटिस भेजे गए थे। उसके बावजूद कब्जे नहीं हटवाने पर यह कार्रवाई की गई। अवैध कब्जों को हटाना हमारी प्राथमिकता है। बार-बार नोटिस व समझाने के बावजूद कुछ लोग सहयोग नहीं करते, ऐसे में कड़ा एक्शन ही समाधान होता है। आगे भी इस तरह के अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे, ताकि किसी प्रकार का अवैध कब्जा न हो सके।

**- राम नारायण, जूनियर इंजीनियर, एचएसवीपी, सोनीपत**

# अंतर्सदनीय सामाजिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित




18 केकेडी 2 फोटो। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी

- केकू केकू केकू केकू केकू केकू केकू केकू केकू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

कल्पना चावला विद्यापीठ में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अंतर्सदनीय सामाजिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्या उषा वत्स, प्राथमिक प्रभारी रितु सहित अन्य अध्यापकगण व विद्यार्थी शामिल रहे। प्रतियोगिता की मेजबानी अध्यापिका प्रीति द्वारा की गई। निर्णायकों की भूमिका अध्यापिका मीनू व पूनम ने निभाई। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को तीन ग्रुपों नेहरू निन्जाज, गांधी गैंग्स, द पटेल पॉवर में विभाजित किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और उनके ज्ञान की परीक्षा लेना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे गए, जिनमें इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र से संबंधित प्रश्न शामिल थे।

||||||

प्रतियोगिता के अंत में, प्रतिभागियों के लिए प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। जिनमें नेहरू निन्जाज के विद्यार्थी प्रथम, द पटेल पॉवर के विद्यार्थी द्वितीय तथा गांधी गैंग्स ग्रुप के विद्यार्थी तृतीय स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता के आयोजन में विद्यालय के सामाजिक विज्ञान विभाग के अध्यापकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय प्राचार्या ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में सामाजिक विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ती है।



**गोहाना।** कार्यशाला में प्रतिभागी छात्राओं के साथ आयोजक व वक्ता।

### महिला विवि में वर्चुअल लैब कार्यशाला आयोजित

**गोहाना।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल 'वर्चुअल लैब्स प्रोजेक्ट' उच्च शिक्षा में तकनीकी और प्रयोगात्मक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इस परियोजना का उद्देश्य देशभर के विद्यार्थियों को वर्चुअल माध्यम से ऐसे प्रयोगों तक पहुँच प्रदान करना है, जो सामान्यतः उन्नत प्रयोगशालाओं में ही संभव होते हैं। इसी कड़ी में मंगलवार भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में शिक्षा मंत्रालय के तत्वाधान में आईआईटी दिल्ली द्वारा वर्चुअल लैब कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के तौर पर आईआईटी दिल्ली के सीनियर एग्जीक्यूटिव इंजिनियर उबैद मुस्ताक व सीनियर एग्जीक्यूटिव इंजिनियर शिवम् यादव ने छात्राओं को 'वर्चुअल लैब्स प्रोजेक्ट' के बारे में विस्तार से बताया। उबैद मुस्ताक ने बताया कि वर्चुअल लैब्स के माध्यम से विद्यार्थी भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग सहित अनेक विषयों में ऑनलाइन प्रयोग कर सकते हैं। इस तकनीक की विशेषता यह है कि विद्यार्थी किसी भी स्थान से, किसी भी समय, सुरक्षित और सटीक तरीके से प्रयोगों का अभ्यास कर सकते हैं।

### चार स्वयंसेवकों का राष्ट्रीय एकता शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सोनीपत।** वेस्टराम नगर स्थित छोटूराम आर्य (सीआरए) महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद लौटे एनएसएस स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक 4 से 10 नवंबर तक आयोजित हुए शिविर में महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया था। इस शिविर में ज्ञानवर्धक सत्र, खेल गतिविधियां, नृत्य प्रतियोगिता, स्लोगन/पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं आदि आयोजित की गईं। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि भानु ने समूह नृत्य में तृतीय स्थान और रस्साकशी प्रतियोगिता में भी तीसरा स्थान हासिल किया। सेवा भावना का परिचय देते हुए स्वयंसेवक हिमांशु, भानु एवं आदित्य ने रक्तदान भी किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ऊषा दहिया और डॉ. अभिमन्यु मलिकआदि रहे।





**खरखौदा।** प्राध्यापकों संग पोस्टर मेकिंग की प्रतिभागी छात्राएं

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में नैंसी रही प्रथम

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के निर्देशन और इंचार्ज डॉ. किरण सरोहा के मार्गदर्शन में हिंदी और संस्कृत विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन विभाग प्रभारी डॉ. प्रमिला, डॉ. विजयदीप और ममता के नेतृत्व में कराया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में श्रीमद् भागवत गीता की शिक्षाओं, भारतीय ज्ञान परंपरा, नैतिक मूल्य, जीवन संघर्ष में कर्म की प्रेरणा देना रहा। जिससे छात्राएं पवित्र ग्रंथ गीता की शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। इस अवसर पर डॉ. किरण सरोहा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत गीता एक ऐसा पवित्र ग्रंथ है, जिसके अध्ययन से हमें जीवन की विभिन्न समस्याओं, कठिनाइयों, अवसादों, संघर्षों में उचित मार्गदर्शन मिलता है।



**खरखौदा।** समिति की बैठक की अध्यक्षता करते चेयरमैन सत्ते रोहट।

### विकास कार्यों को कराने में बनीं सबकी सहमति

**खरखौदा।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के हॉल में चेयरमैन सत्येंद्र दहिया की अध्यक्षता में ब्लॉक समिति सदस्यों की बैठक हुई जिसमें ब्लॉक समिति सदस्यों ने अपने-अपने गांव में विभिन्न विकास कार्य कराने की मांग की। चेयरमैन सत्ते रोहट के अनुसार मौजम नगर में श्मशान घाट का रास्ता पक्का बनवाने व शेड लगवाने, निजामपुर गांव में आंगनवाड़ी भवन बनाने, गढ़ी सिसाना गांव में तालाब की रिटेनिंग वॉल बनाने, निरथान, फतेहपुर, थाना खुर्द, छिनौली रिढ़ाऊ गांव के खेतों के रास्ते को पक्का करने, पिपली, खांडा, मंडोरा, छिनौली गांव में इंडोर जिम लगवाने, खंड के 10 गांव में ओपन जिम लगवाने, सैदपुर गांव के सरकारी स्कूल में शौचालय निर्माण कराने, मंडोरी गांव में कुटी आश्रम में शेड लगवाने, सिसाना गांव में बस क्यू शेल्टर बनवाने, झरोठ गांव की आंगनबाड़ी का नवीनीकरण कराने के प्रस्ताव आए हैं। जिन्हें सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया गया है।

### विद्यार्थियों को समझाई भविष्य की चुनौतियां

**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट के बैनर तले ब्राइट स्कॉलर स्कूल, सोनीपत में पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एवं फाइनेंशियल लिट्रेसी पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को व्यक्तित्व निर्माण, आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण तथा आर्थिक साक्षरता के विभिन्न पहलुओं पर उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विशाल बेदी एवं शिखा तोमर ने छात्रों को जीवन प्रबंधन, सकारात्मक सोच, समय प्रबंधन तथा समझदारी से वित्तीय निर्णय लेने के उपायों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों को समझते हुए स्वयं को सक्षम बनाने की प्रेरणा भी दी। सेमिनार के उपरांत रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट द्वारा निःशुल्क मैमोग्राफी एवं निःशुल्क पैप स्मीयर टेस्ट शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा महिलाओं की जांच की गई।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित क्लब के पदाधिकारी एवं अन्य।



**खरखौदा।** यात्रा पर जाने वालों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक।

### 39. रक्षा जागरूकता यात्रा को विधायक ने झंडी

**खरखौदा।** विधायक पवन खरखौदा ने संगठन के महामंत्री सुशील शास्त्री के नेतृत्व में देश की सीमाओं की रक्षा के प्रति जागरूकता यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि खरखौदा से रवाना हुई जागरूकता यात्रा 25 नवंबर को गुवाहाटी के तवांग पहुंचेगी। किसी देश की जमीन पर दूसरे देशों द्वारा कब्जा करना हमारे धर्म, संस्कृति के खिलाफ है। यात्रा का उद्देश्य लोगों की आवाज उठाना है। उनको सचेत करना कि सरकार से दूसरे देशों द्वारा जो हमारी जमीन पर कब्जे किए जा रहे हैं उनको अवगत करवा कर कब्जा मुक्त करने का आवाह्न करना है। उन्होंने बताया कि चीन देश एक नाकारा देश है। उसका दूसरे देशों की जमीनों पर कब्जा करने का उद्देश्य रहता है। सुशील शास्त्री ने बताया कि यात्रा की शुरुआत 2012 से शुरू हो गई थी और हमारा एक ही मुख्य उद्देश्य है

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### 200 मी. पुरुषों की दौड़ में मनदीप प्रथम, मनजीत द्वितीय और योगेश तृतीय स्थान पर रहे

# राजकीय महाविद्यालय में हुई खेलकूद में गौरव व हेमलता रहे बेस्ट एथलीट

*वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्या डॉ तराना नेगी। *फोटो : हरिभूमि*

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली में प्राचार्या डॉ तराना नेगी की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में 12 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका संचालन शारीरिक शिक्षा सहायक प्रोफेसर डॉ दिनेश कुमार द्वारा स्टाफ सदस्यों के सहयोग से किया गया। इस प्रतियोगिता में 200 मी. पुरुषों की दौड़ में मनदीप प्रथम, मनजीत द्वितीय और योगेश तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग की 200 मीटर दौड़ में अंजली प्रथम, रीमा द्वितीय, भावना तृतीय स्थान पर रही। लॉन्ग जंप में आयुष प्रथम, योगेश द्वितीय, शिवम तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग की लॉन्ग जंप प्रतियोगिता में निशा प्रथम, भावना द्वितीय, अंजली तृतीय स्थान पर रही। शॉट पुट महिला वर्ग में हेमलता प्रथम, योगिता द्वितीय और अंजलि तृतीय स्थान पर रही। पुरुष वर्ग के शॉट पुट में गौरव प्रथम, अक्षय द्वितीय, आयुष तृतीय स्थान पर रहे। पुरुषों की 100 मी दौड़ में मंदीप प्रथम, जतिन द्वितीय, योगेश तृतीय रहे। महिला वर्ग की 100 मीटर दौड़ में हेमलता प्रथम, निशा द्वितीय, सिमरन तृतीय रही। पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में गौरव प्रथम, सनी द्वितीय, साहिल तृतीय रहा। जेवलिन थ्रो प्रतियोगिता में अतुल प्रथम, साहिल द्वितीय, शिवम तृतीय रहा। 400 मीटर दौड़ में गौरव प्रथम, मनजीत द्वितीय व मोहित तृतीय रहा। महिला वर्ग की 400 मीटर दौड़ में सिमरन प्रथम, रीमा द्वितीय, योगिता तृतीय रही। महिला वर्ग की हाई जंप प्रतियोगिता में हेमलता प्रथम, सिमरन द्वितीय, रीमा तृतीय रही। पुरुष वर्ग की डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में गौरव प्रथम, अतुल द्वितीय, आयुष तृतीय रहा।

||||||||||

प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ तराना नेगी द्वारा किया गया। सभी विजेता खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट और नकद इनाम दिया गया। इस अवसर पर तराना नेगी ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के बारे में कहा कि अच्छे खिलाड़ी एक मजबूत देश की निशानी होते हैं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र का गौरव बढ़ाते हैं।